# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 24.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्यकर्मियों को अब मिलेगा कैशलेश स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ, स्वास्थ्य विभाग और बीमा कंपनी के बीच हुआ ऐतिहासिक एमओयू।**
2. **राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस आज; नई दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पढ़ा जाएगा प्रधानमंत्री का संदेश, रांची में उत्कृष्ट पंचायतों को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री।**
3. **रांची में स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर प्रशासन सख्त; बसों में सीसीटीवी, जीपीएस और चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य।**
4. **राज्य के कई हिस्सों में आज से वज्रपात और तेज हवाओं के साथ मौसम बदलने का पूर्वानुमान, भीषण गर्मी से मिलेगी राहत।**

**और**

5. **69वीं राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए तेलंगाना रवाना हुई झारखंड की अंडर–17 टीम; अर्जुन गोस्वामी संभालेंगे कमान।**

**********************

राज्य सरकार ने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिए औपचारिक करार कर लिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण समझौते के बाद अब हजारों राज्यकर्मियों और उनके आश्रितों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल सकेगा।

**********************

आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस है। पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष संदेश पढ़ा जाएगा। इस अवसर पर पंचायत उन्नति सूचकांक रिपोर्ट और मेरी पंचायत, मेरी धरोहर पर तीन पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा।

**********************

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज राजधानी रांची के खेलगांव स्थित ताना भगत स्टेडियम में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेहतर बेहतर कार्य करने वाली राज्य की पंचायतों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत और सम्मानित करेंगे।

**********************

राजधानी रांची में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त है। इस सिलसिले में कल निजी स्कूल प्रबंधन के साथ पुलिस प्रशासन की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी स्कूल बसों में सीसीटीवी, जीपीएस, फर्स्ट एड बॉक्स और आपातकालीन नंबर का होना अनिवार्य है। साथ ही, बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने पर पाबंदी लगा दी गई है। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूलों में जागरुकता अभियान भी चलाया जायेगा।

**********************

धनबाद में एयरपोर्ट निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। इस सिलसिले में आज सांसद ढुलू महतो के नेतृत्व में एक विशाल पदयात्रा और धरना प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। श्री महतो ने
एक प्रेस वार्ता आयोजित कर राज्य सरकार पर जमीन उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रशासनिक और पुलिस सेवा के नव–पदस्थापित अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों की बधाई देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि वे जनहित, सुशासन और विकास कार्यों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने का निर्देश दिया। एक अन्य महत्वपूर्ण बैठक में, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण के प्रतिनिधिमंडल ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने न्यायाधिकरण के नए भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल यानी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। देशवासी आज रात तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। माई गोव पोर्टल, नमो ऐप या 1800–11–7800 पर कॉल करके अपना संदेश रिकॉर्ड कराया जा सकता है।

*********************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल –जैक की 10वीं के नतीजों में हजारीबाग की बेटियों ने सफलता का परचम लहराया है। इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय की प्रियांशु कुमारी ने 99 दशमलवन आठ शून्य प्रतिशत अंक लाकर पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। इतना ही नहीं, स्टेट टॉपर सूची के दूसरे और तीसरे स्थान पर भी हजारीबाग का ही दबदबा रहा। वैष्णवी श्री, जुलिता मिंज, अमीषा और दीप्ति ने भी शीर्ष पदों पर जगह बनाई है। स्टेट टॉपर प्रियांशु कुमारी कहती हैं कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

*********************

हजारीबाग के बाद सिमडेगा की शिवांगी कुमारी ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड की रहने वाली शिवांगी कुमारी ने जैक मैट्रिक परीक्षा में 99 दशमलव छह शून्य प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। अपनी इस उपलब्धि पर शिवांगी ने बताया कि उन्होंने शिक्षकों और माता–पिता के सहयोग से यह मुकाम हासिल किया है।

*********************

भीषण गर्मी की मार झेल रहे राज्य वासियों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में आज से मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के अनुसार, अगले 24 से 48 घंटों के दौरान राजधानी रांची सहित कई जिलों में गरज–चमक के साथ वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

*********************

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के नेतृत्व में अंडर–17 बालक वर्ग की 16 सदस्यीय स्कूली क्रिकेट टीम तेलंगाना के लिए रवाना हो गई। यह टीम 26 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित होने वाली 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम की कमान मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, पाकुड़ के छात्र अर्जुन गोस्वामी को सौंपी गई है, जबकि रक्षित प्रवीण उपकप्तान होंगे।

**<u>**********************</u>**

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जैक बोर्ड के नतीजे जारी होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– राज्य के हाई स्कूलों में नियुक्त हुए 13 हजार नये शिक्षकों का दिखा असर, इस बार मैट्रिक के रिजल्ट में रिकार्ड टूटे।

**दैनिक जागरण** के अनुसार– इस बार आदिवासी विद्यार्थियों के परिणाम में हुआ बेहतर सुधार।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मतदान ने रचा इतिहास।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– एयरपोर्ट पर बन रहा स्टेट हैंगर, राज्य में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं।

**<u>**********समाप्त************</u>**